RAF SECTOR

NEWS CLIP

10/02/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Meerut, (UP)

रैपो पहुंचा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों का दूसरा बैच

पीएनएस/ नई दिल्ली/मेरठ

द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो), मेरठ में विशेष प्रशिक्षण के लिए रेलवे सुरक्षा बल के 15 राजपत्रित अधिकारियों के दूसरा बैच संस्थान पहुंचा। जहां ये अधिकारी दो सप्ताह का प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण का शुभारंभ रैपो मेरठ के प्रांगण में 6 फरवरी को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो द्वारा किया गया।

अखिलेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से इन अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण एवं लोक व्यवस्था प्रबंधन के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया जायेगा। इन अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था की ड्यूटियों के दौरान उपयोग होने वाले लैस लीथल वैपन एवं मुनेशन के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी तथा लैस लीथल वैपन एवं मुनेशन से फायरिंग का अभ्यास कराया जायेगा। इस अवसर पर श्री अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका तथा भारतीय रेलवे की संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की भूमिका को ध्यान में रखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के आधुनिक तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। वर्ष 2022 से वर्तमान तक रेलवे सुरक्षा बल के 24 अधिकारियों एवं 310 कार्मिकों कुल 334 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

● लोक व्यवस्था प्रबंधन में 15 दिनों तक प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण

उल्लेखनीय है दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान, द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में लोक व्यवस्था प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

Metwat News Exp, Nuh, (HR)

दूत कार्यबल ने पुलिस लाइन नूह में योगाभ्यास कर दिया लोगो स्वस्थ रहने का संदेश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

तावडू, नसीम खान। कमांडेंट 194 दूत कार्यबल श्री राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 194 बटालियन दूत कार्यबल ने पुलिस लाइन में प्रातकाल योग शिविर का आयोजन किया, जिसमें जवानों को योग गुरु आचार्य श्री राजेश रावत ने विभिन्न योगासन एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया इस अवसर पर सहा कमांडेंट श्री विजय कुमार एवं श्री सतीश कुमार ने जवानों के साथ योग आभास के साथ बताया कि आज के इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में प्रतिदिन योग करके खान-पान का ध्यान रख कर स्वस्थ रहा जा सकता है। वहीं इसी के साथ 194 आर0ए0 ए ने पुलिस लाइन में नूह मैं दंगा नियंत्रण का अभ्यास भी कराया आर0ए0 ए पुलिस लाइन हूं मैं शाह कमांडेंट श्री विजय कुमार एवं श्री सतीश कुमार के निर्देशन में दूत कार्य बल जवानों द्वारा दंगा नियंत्रण कवायद का प्रदर्शन किया गया श्री विजय कुमार ने बताया कि कवायद का प्रभावी प्रदर्शन उपद्रव या दंगे की स्थिति से निपटने में बल को सक्षम बनाता है।

Krantidu, Nuh, (HR)

रैपिड एक्शन फोर्स ने दंगा नियंत्रण अभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ होने पर भी जोर दिया

पटौदी/मेवात/सुरेश कोहली : दंगा नियंत्रण पथक (आरएएफ) 194 कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार पुलिस लाइन नूंह (मेवात) में आज प्रातः काल योग शिविर का आयोजन किया गया।जानकारी के अनुसार योग शिविर में जवानों को योग गुरु आचार्य राजेश रावत द्वारा विभिन्न योगासन एवम सूर्य नमस्कार

आसन का भी अभ्यास कराया गया।इस अवसर पर उप कमांडेंट विजय कुमार व सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम प्रतिदिन योग करके अपने खानपान का ध्यान रखकर अपने शरीर को स्वास्थ्य रखा जा सकता है। इसी कड़ी में दंगा नियंत्रण कवायद का भी प्रदर्शन किया गया।

Dainik Bhaskar, Banswara, (RAJ)

आरएएफ संवेदनशील जगहों का दौरा करेगी

बांसवाड़ा। रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 60 जवानों की एक प्लाटून बांसवाड़ा पहुंची है। प्लाटून 7 दिन तक बांसवाड़ा में रहकर थानों, शांति समिति के सदस्यों से मुलाकात करेगी। इसके अलावा संवेदनशील जगहों की भौगोलिक जानकारी भी लेगी। प्लाटून के सहायक कमांडेंट जीतसिंह ने बताया कि 100 वाहिनी द्रुत कार्य बल की प्लाटून विजिट का मुख्य उद्देश्य जिले के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से मेल-मिलाप कर जिले के संवेदनशील/अति संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी लेना है। इस अभ्यास के जरिये जिले की आपातकालीन स्थिति के सांप्रदायिक दंगों के दौरान परिस्थिति को नियंत्रण करने में सहायक मुख्य संसाधनों का पता लगाना एवं स्थानीय प्राधिकरण के साथ समन्वय बनाना है।

Hindustan, Jamshedpur, (Jkd)

रैपिड एक्शन फोर्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

जमशेदपुर। रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर 106 बटालियन ने बुधवार को छह दिवसीय फेमेक्स कार्यक्रम चलाया। इसके तीसरे दिन बुधवार को महिला व पुरुष जवानों ने साकची थाना, आमबागान और मानगो में स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता मार्च भी निकाला गया। रैफ 106 वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट पी पूर्ति ने कहा कि यह अभियान सोमवार से शुरू हुआ है।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।